भारत सरकार

वस्त्र मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2553

8 अगस्त, 2018 को उत्तर दिए जाने के लिए

गुजरात में सरकार द्वारा खरीदी गई कपास

2553. महंत शम्भुप्रसादजी तुंदियाः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास वर्ष 2017-18 में उसके अभिकरणों द्वारा गुजरात में खरीदी गई कपास के कोई आंकड़े हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री अजय टम्टा)

(क) और (ख): जी, हां। चालू कपास मौसम 2017-18 (1 अक्तूबर, 2017 से 30 सितंबर, 2018) में 31 जुलाई, 2018 तक सरकार ने भारतीय कपास निगम लि. (सीसीआई), वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्रीय नोडल एजेंसी के माध्यम से गुजरात राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) अभियान और वाणिज्यिक अभियान के अंतर्गत बीज कपास की क्रमश: 95,105 गांठ और 75,653 गांठ की खरीद की है।

*****